समाचार

# क्विक रिस्पॉन्स टीम वाहन को हरी झण्डी दिखाकर महापौर व आयुक्त ने किया रवाना

कोरबा 07 मार्च 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में साफ–सफाई संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीप जायसवाल, अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा आदि उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत साफ–सफाई से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के द्वारा निगम की क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई गई है। इस टीम में 02 वाहन तैनात किए गए हैं तथा टीम के प्रभारी श्री शत्रुहन सारथी सहायक ग्रेड–03 मोबा. नम्बर. 81098–22908 को बनाया गया है, लोगों की साफ–सफाई से संबंधित समस्याओं व शिकायतों की सूचना उक्त मोबाईल नम्बर में मिलने पर क्विक रिस्पॉन्स टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर साफ–सफाई संबंधी कार्यो को संपादित कराते हुए समस्याओं का निराकरण करेगी। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में उक्त क्विक रिस्पॉन्स टीम के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि निगम द्वारा किए जा रहे नियमित साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ स्वच्छता संबंधी शिकायतों व समस्याओं के निराकरण के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई गई है, आमनागरिकबंधु टीम के प्रभारी के उक्त मोबाईल नम्बर पर अपनी स्वच्छता संबंधी समस्याएं व शिकायतों की सूचना दे सकते हैं, जिस पर टीम तत्काल कार्यवाही करेगी।

**दो घंटे में कराएं शिकायत का निराकरण**– इस मौके पर आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने क्विक रिस्पॉन्स टीम को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि उक्त मोबाईल नम्बर पर साफ–सफाई से संबंधित शिकायतों व समस्याओं के संबंध में कॉल आने पर दो घंटे के भीतर शिकायतों का निराकरण करावें। उन्होने इस हेतु सुबह 10 बजे से रात्रि 08 बजे तक का समय निर्धारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, इस बीच दोपहर में 02 घंटे के विश्राम हेतु समय निर्धारण के निर्देश भी दिए गए।